**अव्यवस्था** फुटपाथ पर कब्जा, यातायात व्यवस्था पूरी तरह चरमराई

# सड़कों पर बेतरतीब पार्किंग से हालात बदहाल



**डिंडौरी,नवभारत 24 फरवरी।** नगर में फुटपाथों पर अतिक्रमण और मुख्य मार्गों पर बेतरतीब पार्किंग की समस्या लगातार गंभीर होती जा रही है। मुख्य बस स्टैंड से लेकर जिला अस्पताल के सामने, रानी अवंती बाई चौक, इंदिरा मार्केट, जैन पेट्रोल पंप के सामने स्थित बैंकों के आसपास तथा कंपनी चौक (पुरानी डिंडौरी) क्षेत्र में वाहन चालक जहां-तहां सवारी वाहन और दो पहिया खड़े कर चलते बनते हैं, जिससे यातायात व्यवस्था चरमरा रही है।

मुख्य बस स्टैंड क्षेत्र में दिनभर यात्री वाहनों का दबाव बना रहता है। इसके बावजूद सड़क किनारे दोपहिया व चारपहिया वाहन खड़े कर दिए जाते हैं। जिला अस्पताल के सामने भी मरीजों और परिजनों की आवाजाही के बीच अव्यवस्थित पार्किंग के कारण एम्बुलेंस तक को निकलने में दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।

### चौक-चौराहों पर बढ़ी परेशानी

रानी अवंती बाई चौक और इंदिरा मार्केट जैसे व्यस्त व्यापारिक क्षेत्रों में फुटपाथों पर अस्थायी कब्जों के कारण पैदल राहगीरों को सड़क पर उतरकर चलना पड़ रहा है। कंपनी चौक (पुरानी डिंडौरी) में भी मुख्य मार्ग पर वाहन खड़े कर दिए जाने से अक्सर जाम की स्थिति बनती है, क्योंकि व्यापारियों ने फुटपाथों पर कब्जा कर रखा है।

### जिम्मेदारी किसकी?

नगर परिषद और यातायात पुलिस द्वारा समय-समय पर अभियान तो चलाए जाते हैं, लेकिन स्थायी समाधान नजर नहीं आता। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि नियमित निगरानी, नो-पार्किंग जोन की स्पष्ट मार्किंग और सख्त चालानी कार्रवाई से ही व्यवस्था सुधर सकती है। इसलिए प्रमुख स्थानों पर अधिकृत पार्किंग की व्यवस्था फुटपाथ से अतिक्रमण हटाने के लिए विशेष अभियान और नियमित चालानी कार्रवाई की मांग नगरवासियों ने प्रशासन से की है।



# ओवरलोड गिट्टी ले जा रहा हाईवा जब्त

▸ खनिज विभाग की कार्यवाही

**डिंडौरी ,नवभारत 24 फरवरी।** जिले में अवैध उत्खनन एवं परिवहन पर अंकुश लगाने के लिए प्रशासन का विशेष अभियान लगातार जारी है। कलेक्टर अंजू पवन भदौरिया के निर्देशन में खनिज विभाग की टीम ने 24 फरवरी को ग्राम शहपुरा तहसील एवं थाना शहपुरा क्षेत्र में निरीक्षण के दौरान ओवरलोड गिट्टी परिवहन करते एक हाइवा वाहन पकड़ा।

वाहन चालक दीपांशु दुबे (निवासी करौंदी, तहसील शहपुरा) द्वारा निर्धारित क्षमता से अधिक गिट्टी का परिवहन किया जा रहा था। नियम उल्लंघन पाए जाने पर वाहन को जप्त कर सुरक्षार्थ थाना शहपुरा में खड़ा कराया गया है।

### प्रकरण पंजीबद्ध

खनिज नियमों के प्रावधानों के तहत वाहन के विरुद्ध प्रकरण पंजीबद्ध कर विधिसम्मत कार्रवाई प्रारंभ कर दी गई है। प्रकरण को न्यायालय कलेक्टर के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि अवैध उत्खनन एवं ओवरलोड परिवहन के विरुद्ध सख्त और निरंतर कार्रवाई जारी रहेगी, ताकि राजस्व हानि रोकी जा सके और सड़क सुरक्षा सुनिश्चित हो।

# बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में मिले इजिप्शियन गिद्ध

▸ भारत के गिद्धों में इनका आकार होता है सबसे छोटा, अंडे तोड़ने के लिए करता पत्थर का उपयोग

**नवभारत उमरिया 24 फरवरी।** जिले के बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में अभी तीन दिवसीय शीतकालीन गिद्धों की गणना के दौरान इनमें से एक प्रजाति थी इजिप्शियन गिद्धों की. है इस गिद्ध में कई ऐसी खासियत होती है जो इसे अलग बनाती है. इसके संरक्षण के प्रयास भी चल रहे हैं, लेकिन बांधवगढ़ में इस बार काफी संख्या में देखे गए हैं, जो यहां के पर्यावरण के लिए अच्छी खबर है.



### इजिप्शियन गिद्ध क्यों है खास

इजिप्शियन गिद्ध अन्य गिद्धों की अपेक्षा आकार में छोटे होता है. इसके रंग की बात करें तो शरीर सफेद होता है, पंखों के सिरे काले होते हैं और चेहरा पीला होता है. चोंच पतली और नुकीली होती है. भोजन के रूप में यह गिद्ध मृत जानवरों का मांस खाता है. अंडे, कचरा और छोटे जीव को भी खाता है. खास बात इसकी यह है कि भारत के गिद्धों में सबसे छोटे आकार का है लेकिन बहुत बुद्धिमान माना जाता है. आखिर इजिप्शियन गिद्ध को चतुर गिद्ध क्यों माना जाता है. बांधवगढ़ के डायरेक्टर के अनुसरर 'भारत के गिद्धों में भले ही सबसे छोटे आकार का है, लेकिन यह शुतुरमुर्ग के अंडे को तोड़ने के लिए पत्थर उठाकर फेंकता है. पक्षियों में औजार का उपयोग बहुत कम प्रजातियां करती हैं. ऐसे में इजिप्शियन गिद्ध का इस तरह से औजार का इस्तेमाल करना भी इसे विशेष बनाता है.

# शबरी जयंती पर निकला जुलूस, गूंजे जयकारे



**शहपुरा नवभारत 24 फरवरी।** नगर में शबरी जयंती का पर्व बड़े ही हर्ष, उल्लास और श्रद्धा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर वनवासी समाज द्वारा जुलूस निकाला गया, जिसमें सैकड़ों लोग शामिल हुए। पूरा नगर जय शबरी माता और जय श्रीराम के जयघोष से गूंज उठा। जुलूस की शुरुआत बनवासी मोहल्ला से विधिवत पूजा-अर्चना के बाद की गई। सबसे आगे शबरी माता की सुसज्जित झांकी आकर्षण का केंद्र रही। पारंपरिक वेशभूषा में युवक-युवतियां, महिलाएं और बुजुर्ग बड़ी संख्या में शामिल हुए। जुलूस बनवासी मोहल्ला से प्रारंभ होकर शहपुरा नगर के प्रमुख चौराहों से होता हुआ आगे बढ़ा। जगह-जगह पुष्पवर्षा कर श्रद्धालुओं का स्वागत किया गया।

**करौंदा गांव में की गई सामूहिक आरती**-शोभायात्रा शांतिपूर्ण और अनुशासित ढंग से नगर भ्रमण करते हुए करौंदी गांव तक पहुंची, जहां सामूहिक आरती और भजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में समाज के वरिष्ठजनों ने शबरी माता के जीवन चरित्र पर प्रकाश डालते हुए बताया कि माता शबरी की भक्ति, सर्मपण और श्रद्धा आज भी समाज के लिए प्रेरणास्रोत है। कार्यक्रम के दौरान प्रशासन की ओर से सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। पुलिस बल तैनात रहा और यातायात व्यवस्था भी सुचारु रूप से संचालित की गई। शहपुरा में निकला यह भव्य जुलूस क्षेत्र में चर्चा का विषय बना रहा।

# हाथी-मानव द्वंद के रोकथाम विषय पर कार्यशाला आयोजित

**चिल्हारी नवभारत 24 फरवरी।** बांधवगढ़ टाईगर रिजर्व क्षेत्र संचालक बांधवगढ टाईगर रिजर्व ने बताया कि ईको सेंटर, ताला में बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व एवं उमरिया वन मंडल के संयुक्त मार्गदर्शन में हाथी मानव द्वंद विषय पर जिला पंचायत अनूपपुर के अधिकारियों तथा जन प्रतिनिधियों के जागरूकता हेतु कार्यशाला का आयोजन किया गया।

आयोजन में उप संचालक बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व तथा वनमण्डल अधिकारी उमरिया की महत्वपूर्ण भूमिका रही। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र में हाथियों की गतिविधियों के दौरान उत्पन्न मानव वन्यजीव संघर्ष की रोकथाम, सुरक्षा उपायों, समन्वित कार्ययोजना एवं विभागीय रणनीति पर चर्चा है। कार्यक्रम के दौरान वन विभाग के अधिकारियों द्वारा हाथियों की निगरानी, सुरक्षा प्रोटोकॉल, गज रक्षक ऐप, त्वरित सूचना प्रणाली तथा प्रभावी प्रबंधन के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की गई।




**विस्तार से चर्चा कर दिए सुझाव**-इस अवसर पर जिला पंचायत अनूपपुर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, अध्यक्ष एवं सदस्य विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने विभिन्न विभागों के बीच समन्वय बढ़ाने तथा हाथी मानव द्वंद की घटनाओं को कम करने हेतु प्रभावी योजनाओं के क्रियान्वयन पर बल दिया। कार्यशाला में विभागीय अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा विषय पर विस्तार से चर्चा करते हुए आवश्यक सुझाव प्रस्तुत किए गए।

# पाटनगढ़ के वर्कशॉप में गोंड चित्रकला की गूंज

▸ नेशनल डिजाइन सेंटर की कार्यशाला का अधिकारियों ने किया अवलोकन



**डिंडौरी, नवभारत।** गोंड कला की जन्मस्थली के रूप में विख्यात पाटनगढ़ इन दिनों रंगों और रचनात्मकता से सराबोर है। यहां नेशनल डिजाइन सेंटर द्वारा आयोजित 'गोंड आर्ट वर्कशॉप' में जनजातीय कलाकारों की प्रतिभा को निखारने का कार्य किया जा रहा है। यह कार्यशाला जनजातीय कार्य मंत्रालय के सहयोग से संचालित हो रही है। कार्यशाला का नेतृत्व राष्ट्रीय फैशन प्रौद्योगिकी संस्थान के पूर्व छात्र एवं विख्यात डिजाइनर जागेश्वर अहिरवार कर रहे हैं। उनके मार्गदर्शन में स्थानीय कलाकार अपनी पारंपरिक गोंड चित्रकला को आधुनिक बाजार की मांग के अनुरूप ढालने की बारीकियां सीख रहे हैं।

**कलाकृतियों की अधिकारियों ने की सराहना**-हाल ही में आयोजित निरीक्षण के दौरान एसडीएम बजाग रामबाबू देवांगन, हस्तशिल्प सेवा केंद्र भोपाल के सहायक निदेशक नर सिंह सैनी एवं पाटनगढ़ के सरपंच चंद्रविजय कुशराम ने कार्यशाला स्थल पहुंचकर कलाकारों के कार्यों का अवलोकन किया। इस पहल से न केवल पारंपरिक कला को संरक्षण मिल रहा है, बल्कि स्थानीय कलाकारों के लिए आत्मनिर्भरता और रोजगार के नए अवसर भी सृजित हो रहे हैं। पाटनगढ़ में आयोजित यह कार्यशाला गोंड कला की समृद्ध विरासत को नई पीढ़ी तक पहुंचाने और उसे वैश्विक मंच पर स्थापित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हो रही है।

# बांध क्षेत्र में अवैध ब्लास्टिंग का सनसनीखेज मामला, 3 गिरफ्तार

▸ प्रोजेक्ट मैनेजर समेत 5 पर एफआईआर, 2 फरार, बिना अनुमति विस्फोट से हड़कंप, बीडीएस टीम ने बरामद किया जिंदा बारूद

**शहपुरा नवभारत 24 फरवरी।** संवेदनशील बांध क्षेत्र में नियमों की खुलेआम अनदेखी का बड़ा मामला सामने आया है। जिले के शहपुरा क्षेत्र स्थित बिलगढ़ा बांध इलाके में बिना अनुमति किए गए विस्फोटों पर पुलिस ने कड़ी कार्रवाई करते हुए कंपनी के प्रोजेक्ट मैनेजर सहित पांच लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। इनमें से तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है, जबकि दो फरार बताए जा रहे हैं।

जानकारी के अनुसार जल निगम की बहु-करोड़ परियोजना के तहत वाटर ट्रीटमेंट प्लांट निर्माण का कार्य मेसर्स जीए इंफ्रा प्राइवेट लिमिटेड, जयपुर द्वारा लगभग 294 करोड़ रुपये की लागत से किया जा रहा है।



### बांध की सुरक्षा पर सवाल

इस परियोजना का उद्देश्य 316 गांवों तक पेयजल पहुंचाना है, लेकिन आरोप है कि इसी परियोजना की आड़ में बांध जैसे अत्यंत संवेदनशील क्षेत्र में बिना किसी वैधानिक अनुमति के ब्लास्टिंग कर दी गई। पुलिस-प्रशासन को भी पूर्व सूचना नहीं दी गई। इससे आसपास के इलाकों की सुरक्षा और बांध की संरचनात्मक मजबूती पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं।

### विस्फोटक अधिनियम के तहत अपराध दर्ज

शहपुरा थाना पुलिस ने प्रोजेक्ट मैनेजर अनिल कैथ, ब्लास्टर दीपक बाजपेई सहित कुल पांच लोगों के खिलाफ विस्फोटक अधिनियम के तहत अपराध दर्ज किया है। थाना प्रभारी अनुराग जामदार के अनुसार तीन आरोपियों को हिरासत में ले लिया गया है, जबकि दो की तलाश जारी है।

### संयुक्त टीम मौके पर पहुंची

मामला उजागर होने के बाद बालाघाट से बीडीएस टीम, शहपुरा पुलिस, तहसील प्रशासन और खनिज विभाग की संयुक्त टीम मौके पर पहुंची। जांच के दौरान 6 नग जिंदा विस्फोटक बरामद किए गए, जिससे क्षेत्र में हड़कंप मच गया।

### और नाम जुड़ने की संभावना

पुलिस सूत्रों का कहना है कि जांच आगे बढ़ने पर और लोगों की संलिप्तता सामने आ सकती है, वहीं जल निगम अधिकारियों ने संकेत दिए हैं कि दोषी पाए जाने पर ठेकेदार कंपनी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## टैक्स शिविर में होगा समस्याओं का समाधान

**शहपुरा।** नगर के विकास को गति देने और नागरिक सुविधाओं को बेहतर बनाने के उद्देश्य से कमिश्नर यूएडीडी सांकेत भांडवे के निर्देश पर नगर परिषद शहपुरा में भी आज, 25 फरवरी को एक विशेष टैक्स शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर में नागरिक अपने सभी प्रकार के नगरीय करों का भुगतान कर सकेंगे। इस दौरान सरकारी रिकॉर्ड में कर संबंधी किसी भी प्रकार की त्रुटि या नाम सुधार का कार्य मौके पर होगा। यहां कर से संबंधित अन्य सभी शिकायतों और समस्याओं का तत्काल निराकरण किया जाएगा। मुख्य नपा धिकारी रीना राठौर ने आम जनता से अपील करते हुए कहा, 'नगर के विकास में नागरिकों की भागीदारी अनिवार्य है।

# पांच सदस्यीय टीम करेगी छात्रावास के प्राचार्य की जांच

▸ मानपुर में छात्राओं ने किया था प्रदर्शन, अभद्रता का आरोप लगाया था

**चिल्हारी नवभारत 24 फरवरी।** जिले के मानपुर जनपद के कन्या शिक्षा परिसर छात्रावास के प्राचार्य की जांच के लिए 5 सदस्यीय टीम बनाई गई है। जनजातीय कार्य विभाग की सहायक आयुक्त डॉ. पूजा द्विवेदी ने इसके आदेश दिए हैं। प्राचार्य के खिलाफ शुक्रवार को छात्राओं ने प्रदर्शन कर अभद्रता का आरोप लगाया था।

जांच टीम में विकासखंड शिक्षा अधिकारी पाली सरिता जैन, माता शबरी कन्या शिक्षा परिसर उमरिया के प्राचार्य एके शुक्ला, शिक्षक लोटन अनुरागी, मंडल संयोजक प्रभारी संजय पांडेय और अधीक्षक, अनुसूचित जाति कन्या छात्रावास उमरिया सुनीता धुर्वे शामिल हैं।

### पहले भी आयुक्त को पत्र भेजा गया था

सहायक आयुक्त ने बताया कि प्राचार्य अमरजीत दुबे को हटाने के लिए पहले भी आयुक्त को पत्र भेजा गया था। अब ये जांच दल छात्रावास का निरीक्षण कर रिपोर्ट सहायक आयुक्त को सौंपेगी। हॉस्टल में अनियमितताओं छात्राओं ने किया था प्रदर्शन-दरअसल, शुक्रवार को हॉस्टल में अनियमितताओं और सुविधाओं की कमी को लेकर छात्राओं ने सड़क पर प्रदर्शन किया था।

### बुनियादी सुविधाओं की कमी का भी आरोप

छात्राओं ने कन्या शिक्षा प्रिसर के प्राचार्य अमरजीत दुबे पर अभद्रता और छात्रावास में भोजन, रहने और अन्य बुनियादी सुविधाओं की कमी के आरोप लगाए थे। मानपुर विकासखंड में छात्राओं के सड़क पर उतरने का यह दूसरा मामला है। इससे पहले पड़वार में अवैध उत्खनन विरोधी आंदोलन स्थल पर स्कूली छात्राओं को बैठाए जाने का मामला सामने आया था, जिस पर प्राचार्य के निलंबन सहित अन्य कार्रवाई की गई थी।

# तीन माह बाद भी नामांतरण और कब्जा नहीं दिया

▸ 75 आवेदनों पर त्वरित संज्ञान, जनसुनवाई में कलेक्टर के सख्त निर्देश

**डिंडौरी ,नवभारत 24 फरवरी।** कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित साप्ताहिक जनसुनवाई में जिलेभर से आए नागरिकों की समस्याओं पर संवेदनशीलता के साथ सुनवाई की गई। कुल 75 आवेदन प्राप्त हुए। कलेक्टर ने सभी प्रकरणों पर संबंधित विभागों को स्पष्ट समय-सीमा में जांच कर विधिसम्मत निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

ग्राम अमरपुर निवासी शादाब खान ने बताया कि उन्होंने सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया की अझवार (डिंडौरी) शाखा द्वारा आयोजित ई-नीलामी में खसरा क्रमांक 108/1 की भूमि/भवन 15.10 लाख रुपये में खरीदा। पूरी राशि जमा करने के बावजूद तीन माह बाद भी नामांतरण और कब्जा नहीं दिया गया। कलेक्टर ने प्रकरण की जांच कर त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए।




**मुआवजा नहीं मिलने की शिकायत की**-वनग्राम तांतर के रविन्द्र कुमार मरावी ने स्व. दानी आजा के नाम से प्रदत्त वनभूमि पट्टे में अपना नाम दर्ज कराने का आवेदन दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि अन्य पक्ष द्वारा अनुचित तरीके से नाम दर्ज कराया गया है। जांच कर उचित कार्रवाई के निर्देश दिए गए। ग्राम करौंदी निवासी लक्ष्मण प्रसाद बनावल ने राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण से संबंधित एनएच-45 निर्माण के दौरान अधिग्रहित मकान/संरचनाओं का मुआवजा अब तक नहीं मिलने की शिकायत की।

**मछली पालन पट्टा देने की मांग**-मां गायत्री मछुआ सहकारी समिति, बिछिया (जनपद शहपुरा) ने उमरिया जलाशय का दस वर्षीय मछली पालन पट्टा देने की मांग की। समिति का पूर्व पट्टा 30 जून 2024 को समाप्त हो चुका है और अनुमोदन लंबित बताया गया है। कलेक्टर ने प्रस्ताव पर शीघ्र निर्णय के निर्देश दिए। ग्राम भरवई (पंचायत देवरी) के इतवारी बैगा ने जनमन योजना अंतर्गत लगाए जा रहे सीमेंट पोल क्षतिग्रस्त होने की शिकायत की।

# शोभायात्रा में उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

▸ श्री गोविन्द देव लाल पत्थर मन्दिर में वार्षिकोत्सव आयोजित

**चिल्हारी नवभारत 24 फरवरी।** मानपुर जनपद अंतर्गत ग्राम चिल्हारी निवासी रमाकांत तिवारी नवभारत संवाददाता कई यात्रियों के साथ श्री वृन्दावन धाम में ब्रज की लठ्ठ मार होली देखने गये है। श्री तिवारी ने बताया कि सबसे पहले सभी यात्रियों ने लाल पत्थर मन्दिर में विराजमान श्रीराधा रानी एवं ठाकुर के दर्शन कर मंगलवार को प्रात: काल से ही लाल पत्थर मन्दिर में ब्रज बासियों की अपार भीड़ मन्दिर प्रांगण में रही और राधा रानी के होली गीतों व भजनों का कार्यक्रम प्रारम्भ हुआ।

कार्यक्रम में हजारों ब्रजवासी एवं श्रद्धालुओं की प्रसिद्ध संकीर्तन मंडलियों द्वारा भजन-कीर्तन करते हुए बाजे गाजे एवं रथ के साथ



शोभायात्रा ने सम्पूर्ण वृन्दावन धाम की परिक्रमा की। शोभायात्रा के साथ श्रद्धालुओं की अपार भीड़ मन्दिर प्रांगण में पहुंची, जहां ब्रजवासी कलाकारों द्वारा एक से बढ़कर एक होली गीत व भजनो की प्रस्तुतियां दी गई। होली का वार्षिकोत्सव समारोह जगतगुरु स्वामी पाद कृष्ण बलराम स्वामी के निर्देशानुसार मनाया जाता है।

**फूल एवं गुलाल के साथ लठ्ठ मार होली खेली गई**-इसके बाद फूल एवं गुलाल के साथ लठ्ठ मार होली खेली गई। इस वार्षिकोत्सव में हजारों की संख्या में लोग शामिल हुए। इनमें स्वामी के शिष्य आन्ध्र प्रदेश, तामिलनाडु, मध्यप्रदेश एवं विदेश से भी आए। उपरोक्त कार्य क्रम में कई हजारों की तादाद मे महिलाओं एवं बच्चों तथा ब्रजवासियों ने भन्डारे का प्रसाद ग्रहण किया एवं श्री राधा रानी तथा श्री ठाकुर जी का तथा जगतगुरु स्वामी श्री राधा गोविंद जी का आशीर्वाद प्राप्त किया

# जिले में कुल 5007 सीमांकन प्रकरण किए गए दर्ज

▸ निराकरण में जिला डिण्डोरी की प्रगति 97 .62 प्रतिशत

**डिंडौरी, नवभारत 24 फरवरी।** जिले में सीमांकन प्रकरणों के त्वरित एवं प्रभावी निराकरण के लिए राजस्व विभाग द्वारा सतत कार्रवाई की जा रही है, जिसके परिणामस्वरूप उल्लेखनीय प्रगति दर्ज की गई है।

वर्तमान स्थिति के अनुसार जिला डिण्डोरी ने सीमांकन प्रकरणों के निराकरण में 97.62 प्रतिशत की उपलब्धि हासिल की है। जानकारी के अनुसार जिले में कुल 5007 सीमांकन प्रकरण दर्ज किए गए थे, जिनमें से 4888 प्रकरणों का सफलतापूर्वक निराकरण किया जा चुका है। वर्तमान में केवल 119 प्रकरण लंबित हैं, जिनके निराकरण की प्रक्रिया प्रगति पर है।

**2774 प्रकरण निराकृत**-अनुभागवार प्रगति पर दृष्टि डालें तो अनुविभाग डिण्डोरी में 2855 प्रकरणों में से 2774 का निराकरण किया जा चुका है तथा 81 प्रकरण शेष हैं। अनुविभाग शहपुरा में दर्ज 1230 प्रकरणों में से 1209 का निराकरण हो गया है, जबकि 21 लंबित हैं। इसी प्रकार अनुविभाग बजाग में कुल 922 प्रकरणों में से 905 का निराकरण किया जा चुका है तथा 17 प्रकरण शेष है। जिले की अधिकांश तहसीलों में सीमांकन प्रकरणों के निराकरण की प्रगति 97 से 99 प्रतिशत के मध्य है। उल्लेखनीय है कि तहसील रयपुरा में सीमांकन के 100 प्रतिशत प्रकरणों का निराकरण कर आदर्श प्रस्तुत किया गया है।

# चाय के नाम पर जहर तो नहीं पिला रहा मनोहर?

▸ चाय को नशीला पदार्थ मिलाकर उबाला जाता है, खाद्य विभाग से जांच की मांग

**नवभारत उमरिया 24 फरवरी।** जिले भर के अलावा अन्य कस्बों और गली कूचों में इन दिनों चाय की प्याली कम जहर अधिक पिलाया जा रहा है। मनोहर चाय के नाम से मशहूर दुकान पर चाय पीने वालों की भीड़ जमकर होती है। आम आदमी के साथ साथ छोटे कर्मचारी और अधिकारी भी इस चाय को बड़े ही आनंद के साथ पीते हैं।

सूत्रों से जानकारी मिली है कि इस चाय में कुछ नशीला पदार्थ मिलाकर उबाला जाता है और फिर लोगों को परोस दिया जाता है। लोगों का कहना है कि इस चाय में चायपत्ती की जगह एक खास किस्म का पाउडर डाला जाता है, जिससे इसमें बेहद हल्का मधुर नशा भी लोगों को महसूस होता है।

मनोहर चाय
मन को हरे... मनोहर चाय...!

ऐसे में यह कहना गलत नहीं होगा कि चाय के साथ धीमा जहर भी परोसा जा रहा है।

### 1 लाख रुपए की सिक्योरिटी मनी जमा करनी पड़ती है

बताया जाता है कि मनोहर चाय के नाम से मशहूर इस दुकान को संचालित करने के लिए करीब 1 लाख रुपए की सिक्योरिटी मनी भी जमा करनी पड़ती है, तब जाकर चाय कैसे बनाना है और उक्त कंपनी द्वारा भेजा गया पाउडर कितने दूध और पानी में मिलाना है इसकी जानकारी मिलती है और तब जाकर मनोहर की चाय बनती है। लोग इसं पीने के लिए लाइन में खड़े हुए मिलते हैं।

### जिला प्रशासन कार्यवाही करने से बच रहा

हालांकि जिला प्रशासन भले ही इस पर कार्यवाही करने से बच रहा है, मगर जबलपुर जिले के शहर में खुली मनोहर चाय की दुकानों पर ताबड़तोड़ कार्यवाही हुई और उन्हें सील कर दिया गया है। बहरहाल जो भी हो शहर के गांधी चौक स्थित मनोहर चाय की प्याली को लेकर आम नागरिकों की अलग अलग राय है और लोग इसमें नशा होने का भी अनुमान लगा रहे हैं।